उनके अधिवक्ता हाजिर आये और अधिकार पत्र पेश किया। अप्रार्थी संख्या 2 की और से राजकीय अधिवक्ता हाजिर रहे। अधीनस्थ उपखण्ड अधिकारी निम्बाहेडा का मूल अभिलेख पत्र क्रमांक/राजस्व/ 2023/1274 दिनांक 04.12.2023 से प्राप्त हुआ है जो कि पत्रावली के साथ हम किता होकर रिकार्ड पर है। दिनांक 30.01.2024 को अप्रार्थी संख्या 1 के और से जवाब प्रार्थना–पत्र पेश किया गया जो कि शामिल पत्रावली होकर रिकार्ड पर है।

दिनांक 03.07.2024 को प्रार्थीगण की और से प्रार्थना–पत्र बाबत् निगरानी निगराकार नहीं चलाने बाबत् पेश किया गया जो कि शामिल पत्रावली होकर रिकार्ड पर है। वकील अप्रार्थी द्वारा प्रार्थना–पत्र बाबत् कार्यवाही विड्रो बाबत् कोई एतराज नहीं होना जाहिर किया गया।

हाजिर राजकीय अधिवक्ता द्वारा निवेदन किया गया कि प्रार्थीगण द्वारा निगरानी प्रार्थना–पत्र में माध्यम से विधिक तथ्यों के संबंध में उज्र/एतराज किया जाकर प्रकरण में विधिक तथ्यों को उठाया गया है, एवं प्रकरण में अप्रार्थी संख्या 1 द्वारा जवाब प्रार्थना–पत्र प्रस्तुत किया जा चुका है एवं अधीनस्थ न्यायालय से मूल अभिलेख पत्रावली भी प्राप्त हो चुकी है, अतः प्रकरण का निस्तारण गुणावगुण पर किया जाना विधि द्वारा प्रावधित है। अतः पत्रावली का निस्तारण गुणावगुण किये जाने हेतु निवेदन किया गया।

हमने पत्रावली का आद्यौपांत अवलोकन किया। अधीनस्थ न्यायालय से प्राप्त मूल अभिलेख पत्रावली का गहनता पूर्वक अध्ययन/परिशीलन किया। हस्तगत प्रकरण में प्रार्थीगण द्वारा निगराधीन आवंटन आदेश दिनांक 03.11.2021 को चुनौती प्रदान कर आवंटन के संबंध में प्रक्रियात्मक एवं विधिक त्रुटि होना अवगत कराया गया है। जिसके संबंध में अप्रार्थी द्वारा जवाब प्रार्थना–पत्र के माध्यम से प्रार्थीगण द्वारा उठाई गये तथ्यों का खण्डन कर आवंटन पूर्ण रूप से वैधानिक होना अवगत कराया गया है। इस संबंध में राजस्थान भू–राजस्व (कृषि प्रयोजनार्थ भूमि का आवंटन) नियम, 1970 के नियम 14(04) में प्रावधित किया गया है कि जिला कलक्टर को स्वयं संज्ञान से भी किसी आवंटन की जांच/सुनवाई करने की क्षेत्राधिकारिता प्राप्त है एवं हस्तगत प्रकरण में मूल अभिलेख पत्रावली भी रिकार्ड पर होकर पत्रावली के हम किता है। ऐसी स्थिति में प्रकरण को निस्तारण गुणावगुण पर ही किया जाना उचित प्रतीत होता है।

हमने पत्रावली का आद्यौपांत अवलोकन किया। साथ ही पत्रावली पर उपलब्ध साक्ष्य दस्तावेज का अवलोकन/परिशीलन किया। पत्रावली वास्ते निर्णय रिजर्व किया गया।

पत्रावली वास्ते निर्णय पेश हुई। हमने पत्रावली का अवलोकन किया। प्रार्थीगण द्वारा अपने प्रार्थना–पत्र में अवगत कराया गया है कि अप्रार्थी संख्या 1 के नाम पर मौजा मैलाना की बिलानाम आराजी संख्या 2678/1638 रकबा 1.08 हैक्टेयर भूमि आवंटन किया गया है। विवादित बिलानाम आराजीयात निगराकार के कब्जे काश्त में चली आ रही है। विपक्षी संख्या 1 ग्राम बडावली का स्थाई निवासी होकर विपक्षी के पिता के नाम पर ग्राम बडावली में कृषि आराजीयात भी स्थित है। मौके पर विपक्षी संख्या 1 का कभी कब्जा नहीं रहा है ना ही उक्त आराजीयात के आस–पास विपक्षी की अन्य आराजीयात भी स्थित नहीं है।

सत्यमेव जयते
Web Copy - Not Official

